# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 31 जनवरी, 2023

## संसद का बजट सत्र

संसद का **बजट सत्र** 31 जनवरी से प्रारंभ होगा। केंद्रीय कक्ष में लोकसभा और राज्यसभा की **संयुक्त बैठक में सत्र की शुरुआत राष्ट्रपत** द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। सत्र के पहले दनि दोनों सदनों में आर्थकि सर्वेक्षण पटल पर रखा जाएगा। यह बजट सत्र 6 अप्रैल तक चलेगा। **बजट सत्र में 27 बैठकें होंगी और यह 66 दनि का होगा।** सत्र का पहला भाग 13 फरवरी तक चलेगा। 14 फरवरी से 12 मार्च तक सदन में कोई कार्यवाही नहीं होगी और इस दौरान वभिागों से संबद्ध संसदीय स्थायी समतियिाँ **अनुदान मांगों** की समीक्षा करेंगी तथा अपने मंत्रालयों एवं वभिागों से संबंधति रपिोर्ट तैयार करेंगी। बजट सत्र का दूसरा भाग 13 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगा। संसद के बजट सत्र से पहले संसद भवन परसिर में सर्वदलीय बैठक होती है। इस दौरान सरकार द्वारा लोकसभा और राज्यसभा के सुचारु कामकाज़ को सुनश्चिति करने के लयि सभी राजनीतकि दलों से सहयोग मांगा जाता है।

## राष्ट्रीय महलिा आयोग स्थापना दविस

प्रतविर्ष **31 जनवरी** को **राष्ट्रीय महलिा आयोग का स्थापना दविस** मनाया जाता है, इस अवसर पर **राष्ट्रपत द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय महलिा आयोग के 31वें स्थापना दविस कार्यक्रम को संबोधति करेंगी।** इस कार्यक्रम का वषिय '**सशक्त नारी सशक्त भारत**' है**,** जसिका **उद्देश्य उन महलिाओं की सफलता का सम्मान करना है जन्होंने अपनी जीवन-यात्रा में उत्कृष्टता प्राप्त की और जन-जीवन पर अमटि छाप छोड़ी है।** आयोग द्वारा 31 जनवरी, 2023 से 1 फरवरी, 2023 तक अपना 31वाँ स्थापना दविस मनाने के लयि दो दवसीय कार्यक्रम का आयोजन कयिा जा रहा है। आयोग का **उद्देश्य एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहाँ वभिन्नि सामाजकि-आर्थकि पृष्ठभूमसि से संबंधति महलिाओं की नर्णियन और नेतृत्व की भूमकिाओं में लैंगकि समानता पर ध्यान केंद्रति कर ववधि वचिारों का आदान-प्रदान कयिा जा सके।** राष्ट्रीय महलिा आयोग की **स्थापना जनवरी 1992 में** **राष्ट्रीय महलिा आयोग अधनियिम, 1990** **के तहत एक वैधानकि नकिाय के रूप में की गई थी।** इसकी स्थापना महलिाओं को प्रभावति करने वाले मामलों को मद्देनज़र रखते हुए उनके संवैधानकि और वधिकि सुरक्षा उपायों की समीक्षा, उपचारात्मक वधायी उपायों की सफिारशि करने, शकियितों के नवािरण की प्रक्रयिा को सुगम बनाने और नीत पर सरकार को सलाह देने के लयि की गई थी।

## सोलगिा इकारनिाटा



हाल ही में अशोक ट्रस्ट फॉर रिसर्च इन इकोलॉजी एंड एन्वायरनमेंट (एटीआरईई) के वैज्ञानिकों ने **ततैया (wasp) की एक नई प्रजाति की खोज** की है, जिसका नाम **सोलिगा जनजाति** के नाम पर रखा गया है जो कर्नाटक के चामराजनगर ज़िले में **बिलीगिरी रंगन** हिल्स (बी.आर. हिल्स) और माले महादेश्वर के पास परिधीय वन क्षेत्रों में निवास करने वाली मूल जनजाति है। सोलिगा इकारनिाटा एक नई ततैया है, जो डार्विन बर्र के परिवार इचन्यूमोनाइड (Ichneumonidae) की उप-प्रजाति मेटोपीनीए (Metopiinae) से संबंधित है। यह दक्षिण भारत में पहली तथा भारत में खोजी गई इस प्रकार दूसरी प्रजाति है। इस ततैया को सोलिगा इकारनिाटा कहा गया। 'इकारनिाटा' शरीर के कुछ क्षेत्रों में लकीरों की अनुपस्थिति को दर्शाता है। यह अपने सभी प्रजातियों से आश्चर्यजनक रूप से रंगीन और अलग है। सोलिगा जनजाति परंपरागत रूप से शिकार और स्थानांतरित कृषि पर निर्भर रहती है। यह भारत में किसी बाघ अभयारण्य के मुख्य क्षेत्र में रहने वाला पहला आदिवासी समुदाय है, जिसे अपने वन अधिकारों के लिये आधिकारिक रूप से न्यायालय द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। बिलीगिरी रंगन पहाड़ियाँ पश्चिमी घाट के उत्तर-पश्चिम में तथा पूर्वी घाट के पश्चिमी किनारे पर स्थित हैं। अद्वितीय भौगोलिक स्थिति एवं आवासीय विविधता के साथ ये पहाड़ियाँ भारत में जैवविविधता के सबसे समृद्ध क्षेत्रों में से एक है। कपिला और कावेरी नदियाँ इन पहाड़ियों से होकर बहती हैं।

## 5वाँ खेलो इंडिया यूथ गेम्स

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री ने मध्य प्रदेश में **खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 के 5वें संस्करण का उद्घाटन** तात्या टोपे नगर स्टेडियम (भोपाल) में किया। इसके अंतर्गत 27 खेल स्पर्द्धाओं में 900 से अधिक पदकों के लिये देश भर से लगभग 6000 खिलाड़ी अपने खेल कौशल दिखाएंगे। ऐसा पहली बार है जब **कयाकिंग, कैनोइंग, कैनो स्लैलम और तलवारबाज़ी** जैसे खेल **खेलो इंडिया यूथ गेम्स** का हिस्सा होंगे। इस संस्करण की **थीम** है- **'हिंदुस्तान का दिल धड़का दो'**। खेलो इंडिया यूथ गेम्स की **शुरुआत वर्ष 2018** में **खेलो इंडिया स्कूल गेम्स** के नाम से हुई थी। इन खेलों का **उद्देश्य स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को तलाशना और उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिये प्रशिक्षित** करना है। भारत के खेल **बजट को भी बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपए** कर दिया गया है और **आगामी 5 वर्षों में खेलो इंडिया के लिये 3200 करोड़ रुपए प्रदान किये जाएंगे।**

**और पढ़ें..** **खेलो इंडिया यूथ गेम्स (KYIG)**

## यूएस बोइंग 747

**"क्वीन ऑफ द स्काईज़" के रूप में पाँच से भी अधिक दशक तक संचालन के बाद बोइंग 747, एक मूल और यकीनन सबसे सौंदर्यपूर्ण "जंबो जेट" का स्वर्णिम युग अब समाप्त हो गया है।** इसे **1960 के दशक के अंत में** बड़े पैमाने पर यात्रा की मांग को पूरा करने के लिये डिज़ाइन किया गया था। जंबो ने वैश्विक स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ी, जो कि विश्व भर में युद्ध और शांति का प्रतीक है (जैसे कि **US 'डूम्सडे प्लेन' और इसके अन्य उपनाम जैसे 'शेफर्ड')**।

## सबसे पुराना ज्ञात सीसिलियन जीवाश्म खोजा गया

अमेरिका के जीवाश्म वैज्ञानिकों की एक टीम ने पहले **ट्रायसिक-युग (लगभग 250-200 MYA) के सीसिलियन जीवाश्म** की खोज की है जो उभयचर जैसे प्राणी के ज्ञात ऐतिहासिक जीवाश्म रिकॉर्ड में यह खोज **कम-से-कम 87 मिलियन वर्षों के अंतराल** को भरने में मदद कर सकती है। इस जीवाश्म का नाम **फंक्सवर्मिस गिलमोरी (Funcusvermis Gilmorei)** रखा गया है।

दृष्टि The Vision



ये **सबसे पुराने खोजे गए सीसलियिन जीवाश्म** हैं, जो छोटे स्तनपायी के रिकॉर्ड में **लगभग 35 मिलियन वर्षों** तक का विस्तार करते है। इस खोज से पहले, प्रारंभिक **जुरासिक काल (~183 MYA) से पहले के केवल 10 सीसलियिन** जीवाश्म की खोज की गई थी। आधुनिक सीसलियिन एक कॉम्पैक्ट, बुलेट के आकार की खोपड़ी के साथ बेलनाकार निकायों के अंगहीन उभयचर हैं, जो **भूमि को खोदने में मदद** करते हैं। वे कीड़ों के शिकार की तलाश में पत्ती-कूड़े या मिट्टी में अपना जीवन व्यतीत करते हैं। ट्रायसिक काल मेसोज़ोइक युग की पहली अवधि है जिसने प्रमुख परिवर्तनों की शुरुआत को चिह्नित किया गया है जैसे- **महाद्वीपों का वितरण, जीवन का विकास** आदि। ट्रायसिक युग की शुरुआत में केवल सुपरकॉन्टिनेंट- **पैंजिया अस्तित्व** में था, हालाँकि ट्राइऐसिक के अंत में **प्लेट विवर्तनिक सिद्धांत** प्रचलन में आया।

**और पढ़ें.....**

[Triassic Mass Extinction](), [**Geological Time Scale**]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-31-january-2023